प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

प्रधानमंत्री–परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के 9वें संस्करण के दौरान विद्यार्थियों से बातचीत की। आज जारी किए गए इसके दूसरे वीडियो में प्रधानमंत्री ने परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता से निपटने के तरीकों पर बातचीत की। नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों को छोटे स्टार्टअप से अपनी उद्यमशीलता की यात्रा शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि बड़े विचार अक्सर छोटी शुरुआत से ही पनपते हैं।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि कलात्मक व रचनात्मक शौक विद्यार्थियों को अकादमिक दबाव से उत्पन्न तनाव और थकान से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने जिम्मेदारी के महत्व पर जोर देते हुए विद्यार्थियों से बुनियादी नियमों जैसे कि कूड़ा न फैलाना, सड़कों पर नहीं थूकना, यातायात नियमों का पालन करना और भोजन की बर्बादी से बचना आदि का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अनुशासित दैनिक व्यवहार राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

वोकल फॉर लोकल जैसी पहलों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय उत्पादों का चयन घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रौद्योगिकी से डरने की कोई आवश्यकता नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को इस पर निर्भर होने के बजाय इसका बुद्धिमानी से उपयोग करना चाहिए।

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का उद्देश्य परीक्षा के तनाव पर चर्चा करना और परीक्षाओं को उत्सव और जीवन का अभिन्न अंग मानते हुए निभाना है।

....

आरडीजी

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राजस्व घाटा अनुदान बंद होने से प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि राजस्व घाटा अनुदान को समाप्त करना सरकार का नहीं, बल्कि राज्य की जनता के अधिकारों का मुद्दा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि एक बार आरडीजी का प्रावधान समाप्त किया जाता है, तो राज्य की जनता के अधिकारों को सुरक्षित रख पाना कठिन हो जाएगा। उन्होंने कहा कि 17 राज्यों के लिए आरडीजी समाप्त कर दी गई है, लेकिन राज्य सरकार इस मामले को लेकर भाजपा सांसदों और विधायकों के साथ प्रधानमंत्री से भी मिलने को तैयार है।

....

बी.पी.एल चयन

प्रदेश में बी.पी.एल सूचियों को अंतिम रूप देने के लिए चौथे चरण की चयन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। नए नियमों के तहत अब मनरेगा में 80 दिन का रोजगार पूरा करने वाले लोग भी इसके लिए पात्र माने जाएंगे। वहीं अपंगता प्रतिशत की शर्त भी 50 से कम कर 40 प्रतिशत की गई है। चौथे चरण के सर्वे के तहत जिला चम्बा में भी बी.पी.एल परिवारों की चयन प्रक्रिया का कार्य प्रगति पर है। इस चौथे चरण के तहत 17 फरवरी तक पंचायत सचिव के पास आवेदन किए जा सकते हैं और 25 फरवरी तक इन्हें अधिसूचित किया जाएगा।

इंदु बाला

केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश के किसानों और बागवानों को मौसम की स्टीक जानकारी प्रदान करने के लिए शिमला जिला के कुफरी, चंबा के जोत और मंडी जिला के मुरारी देवी में डोप्पलर राडार स्थापित किए गए हैं। राज्यसभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने संसद में ये जानकारी दी। जितेंद्र सिंह ने बताया कि किसानों और बागवानों को आंधी, तूफान और चक्रवात जैसी मौसम संबंधी जानकारी देने के लिए मंत्रालय ने मिशन मौसम भी लाँच किया है। उन्होंने इंदु बाला गोस्वामी को बताया कि हिमाचल सहित देश के विभिन्न राज्यों में 47 डोपलर वेदर राडार स्थापित किए गए हैं।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज किन्नौर, लाहौल—स्पीति, चंबा और कुल्लू जिला के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है।